नस्लीय समानता को बढ़ावा देने के लिए
वर्तमान एवं नियोजित उपाय

एम्प्लाइज रिट्रेनिंग बोर्ड

सम्बन्धित सेवाएं

- एम्प्लाइज रिट्रेनिंग बोर्ड (ERB) उनकी शकल और प्रजातीय प्रदेशों पर ध्यान दिये बिना, सब डिग्री स्तर या उससे नीचे तक की शैक्षणिक योग्यता वाली श्रम शक्ति के कौशल, गुणवत्ता, रोज़गार पाने की योग्यता, और प्रतियोगिता में टिकने की क्षमता के विकास के लिए भिन्न प्रकार के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और सेवाएँ देता है। काम पर लगाने वाले फुल टाइम और कौशल को बढ़ाने वाले पार्ट टाइम और सामान्य कोर्स करवाए जाते हैं जिनका लक्ष्य बेरोज़गारों को नौकरी को सुरक्षित करने में मदद करने और श्रम शक्ति को अपने कौशल में नयापन लाने और बेहतर करने में सक्षम बनाना है।

मौजूदा उपाय

<u>भिन्न नस्ल के लोगों को उपयुक्त पाठ्यक्रम प्रदान करना</u>

- ERB नियुक्ति बंधे तथा कौशल उन्नयन एवं सामान्य कौशल पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जो अंग्रेजी भाषा में होते हैं, और संजातीय अल्पसंख्यकों के लिए होते हैं।
- ERB ने विभिन्न जातियों के लोगों की अपने संवाद से जुड़ी रुकावटों से बाहर निकलने में सहायता करने और भाषा पाठ्यक्रम को व्यवहारिकता से सम्पन्न करके व भाषा पाठ्यक्रमों को जोड़कर उनकी रोज़गार पाने की योग्यता को बढ़ाने के दृष्टिकोण से अपने भाषा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का व्यापक रूप से परीक्षण करने के लिए “टास्क फोर्स फॉर रिव्यूइंग लैंगवेज़ कोर्स” की स्थापना की है। ERB विभिन्न जतियों के लोगों के लिए चीनी भाषा में प्रशिक्षण में अपनी सहायता को मज़बूत करता रहेगा और सामाजिक समन्वय और रोज़गार के उद्देश्य से, अपनी चीनी दक्षता को बढ़ाने के लिए एक ढांचागत चीनी भाषा प्रशिक्षण

योजना बनाएगा।

- ERB युवा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत एक समर्पित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जो 15 से 24 वर्ष की आयु वाले संजातीय अल्पसंख्यकों के बेरोजगार युवाओं पर लक्षित है।
- ERB ने भिन्न नस्ल के लोगों की प्रशिक्षण एवं नियोजन आवश्यकताओं की पहचान करने के लिए, तथा भिन्न नस्ल के लोगों में ERB पाठ्यक्रम एवं सेवाओं का प्रचार करने वाली रणनीतियों के बारे परामर्श देने के लिए एक "संजातीय अल्पसंख्यकों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं पर फोकस समूह" का निर्माण किया है। इन फोकस समूह में संजातीय अल्पसंख्यक समूह, सामाजिक सेवा संगठन, प्रशिक्षण निकाय (TBs), नियोजक एवं सुसंगत सरकारी निकाय शामिल हैं। ERB फोकस समूह के परामर्श के संदर्भ के साथ भिन्न नस्ल के लोगों के लिए नए पाठ्यक्रम विकसित करना जारी रखेगा।
- ERB ने संजातीय अल्पसंख्यकों हेतु समर्पित पाठ्यक्रमों में नामांकन करने के लिए शैक्षिक योग्यता के मानदण्ड को काफी अधिक सुविधाजनक बनाया है।

विशेष उपाय एवं सहायता सेवाएं

- ERB ने TBs से अनुरोध किया है कि भिन्न नस्ल के लोगों को सेवाएं प्रदान करने के लिए अंग्रेजी बोलने वाले कर्मचारियों की व्यवस्था की जाए, तथा TBs को प्रोत्साहित करता है कि वे ERB सेवाएं प्रदान करते समय गैर-सरकारी संगठनों द्वारा प्रदत्त अनुवाद एवं इन्टरप्रेटेशन सेवाओं का प्रयोग करें। जहां आवश्यक होता है, वहां कक्षा में अंग्रेजी तथा संजातीय अल्पसंख्यकों की भाषा बोल सकने वाले शिक्षण सहायकों द्वारा इन्टरप्रेटेशन सेवाओं की व्यवस्था की जाती है।
- ERB संजातीय अल्पसंख्यकों के लिए समर्पित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हेतु कक्षा आकार की आवश्यकता को एक फ्लेक्सिबल तरीके से प्रबन्धित कर रहा है।
- संजातीय अल्पसंख्यक वाले प्रशिक्षु जो समर्पित नियुक्ति बंधे पाठ्यक्रमों को पूरा कर लेते हैं, उन्हें छह-माह की प्लेसमेंट फॉलो-अप सेवा प्रदान की जाती है, जबकि सामान्य प्रशिक्षुओं के लिए आमतौर पर एक तीन-महीने की प्लेसमेंट फॉलो-अप अवधि प्रदान की जाती है।
- ERB अंग्रेजी में तथा भिन्न नस्लों की भाषाओं में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्रचार लीफलेट प्रकाशित करता है, साथ ही साथ विविध चैनलों के माध्यम से भिन्न नस्ल समूहों को वितरण हेतु अंग्रेजी में डेडीकेटेड प्रचार लीफलेट भी प्रकाशित करता है (जिसमें होम अफेयर डिपार्टमेन्ट (Home Affairs Department,HAD) की "अम्बेसडर योजना" के अन्तर्गत सामाजिक सेवा संगठन शामिल हैं)। कोर्स विवरणिका को अंग्रेजी में तैयार किया जाता है, तथा विज्ञापनों को समाचार पत्रों में अंग्रेजी, उर्दू एवं नेपाली में प्रकाशित किया जाता है।
- ERB अपने प्रचार प्रयासों को और भी बेहतर बनाने के लिए, गैर-सरकारी संगठनों द्वारा प्रचालित एवं HAD द्वारा वित्तपोषित संजातीय अल्पसंख्यक सहायता सेवा केन्द्र के निकट सम्पर्क में

रहता है, इसका कार्य यह है कि भिन्न नस्ल के लोगों के बीच में ERB की सेवा सूचना तथा केंद्रों में समर्पित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के संचालन का प्रचार किया जाए। ERB नियमित रूप से ERB पाठ्यक्रमों तथा सेवाओं को अपडेट करता है, जिसे संजातीय अल्पसंख्यकों हेतु HAD द्वारा प्रकाशित "हाँगकाँग में सेवाओं हेतु आपकी मार्गदर्शिका" में प्रदर्शित किया जाता है।

- Tin Shui Waiके ERB सेवा केंद्र पर विभिन्न जातियों के लोगों के लिए लक्षित सहायता सेवाएँ दी जाती हैं , जिसमें समर्पित कार्यशालाएँ और काम ढूँढने के कौशल से जुड़ी सामूहिक गतिविधियाँ, साक्षात्कार से जुड़े कौशल, व्यवसायिक अँग्रेज़ी और कैंटोनीज़, आदि शामिल हैं। समाज सेवा संस्थाओं के साथ मिलकर ERB, ERB के पाठ्यक्रमों से जुड़ी पूछताछ और नामांकन सेवाएँ देने के लिए कई जिलों में 30 से अधिक "ERB सेवा केंद्रों" की स्थापना करता है, व्यवसाय से जुड़े सेमिनारों और अनुभव लेने के लिए पाठ्यक्रम का आयोजन करता है, और ट्रेनिंग कंसल्टेंसी सर्विस में पंजीकरण करने के लिए जनता के लोगों का सहयोग करता है जिनमें विभिन्न जातियों के लोग शामिल होते हैं।

- ERB की ट्रेनिंग कंसल्टेंसी सर्विस विभिन्न जातियों के लोगों को उनकी प्रशिक्षण आवश्यकता का मूल्यांकन करके उपयुक्त प्रशिक्षण संबंधी सुझाव देती है और ERB के पाठ्यक्रमों में नामांकन करने में सहायता करती है, काम ढूंढ रहे लोगों की आमने सामने या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करके साक्षात्कार के द्वारा सहायता करती है। प्रशिक्षण सलाहकार ज़िला संघों, धर्म सभा स्थलों और विभिन्न जातियों के लोगों के समाज सेवा संगठनों से ERB के पाठ्यक्रमों और सेवाओं के प्रचार के लिए सेमीनारों

- ERB निधियाँ प्रशिक्षण निकाय ERB के पाठ्यक्रमों, साथ ही अलग अलग व्यवसायों में काम के अवसर और संभावनाओं का प्रचार करने के लिए,ज़िला आधारित प्रचार की गतिविधियों और

पाठ्यक्रम अनुभव से जुड़ी गतिविधियों के आयोजन केलिए ज़िला संगठनों के साथ मिलकर काम करते हैं इनमें विभिन्न जातियों की जरूरतों को पूरा करने वाली लक्षित गतिविधियाँ शामिल हैं। “ट्रेनिंग सपोर्ट सर्विसेज़ सब्सिडीज़” के अलावा प्रशिक्षण निकायों को पूरक प्रशिक्षण सामग्री का विकास करने और विभिन्न जातियों के लोगों को सीखने में सहायता सेवाएँ देने के लिए प्रोत्साहित करता है।

- स्कूल ना जाने वाले भिन्न नस्ल के लोग विशिष्ट ERB भाषा पाठ्यक्रमों में अध्ययन करने के लिए HAD से सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं, जिसका उद्देश्य इस बात को प्रोत्साहन देना है कि उन्हें जीवन-पर्यंत लर्निंग के साथ जोड़ा जाए तथा उनके ट्रांसफरेबेल जॉब कौशल को बेहतर बनाया जाए।
- ERB ने 100 से अधिक स्थानों पर "ERB ट्रेनिंग नेट कोर्स सर्च टर्मिनल" स्थापित किया है, जिसमें, ERB सियु साई वैन (Siu Sai Wan) मुख्यालय, ERB सेवा केन्द्र, ERB सर्विस स्पॉट, लेबर डिपार्टमेन्ट जॉब सेन्टर, सोशल वेलफेयर डिपार्टमेन्ट (Social Welfare Department,SWD), सोशल सिक्योरिटी फील्ड यूनिट तथा SWD द्वारा संचालित गैर-सरकारी संगठन शामिल हैं। भिन्न नस्ल के लोग इन टर्मिनल के माध्यम से ERB पाठ्यक्रमों, प्रशिक्षण केन्द्रों, सेवाओं तथा गतिविधियों के बारे में सूचना प्राप्त कर सकते हैं, और प्रशिक्षण परामर्श सेवा हेतु पंजीकरण भी कर सकते हैं।
- भविष्य में अध्ययन और भविष्य की योजना बनाने के लिए सुविधा देने के लिए ERB दसवीं के बाद के विद्यार्थियों के लिए “स्कूल के लिए कैरियर पर बातचीत”, “काम ढूँढना और साक्षात्कार कौशल कार्यशाला” और “कंपनी के दौरे” आयोजित करता है। नियोक्ता प्रतिनिधियों को विद्यार्थियों के साथ कैरियर से जुड़ी संभावनाओं, काम के वातावरण और प्रवेश की आवश्यकताओं आदि के बारे में बताने के लिए आमंत्रित किया जाता है। ERB प्रतिनिधि विद्यार्थियों को उन ERB के पाठ्यक्रमों और सेवाओं से भी परिचित कराते हैं जो विभिन्न जतियों के युवा

		लोगों के लिए उपयुक्त हैं।
		<u>एम्पलाइज ट्रेनिंग</u>
	•	विभिन्न जातियों के लोगों की संस्कृति संबंधी समझ और उन्हें सेवाएँ देते हुए कर्मचारियों में संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिए, ERB अनेक संगठनों के सहयोग से कार्यशालाओं का आयोजन करता है जैसे "समान अवसर आयोग" और ERB एवं प्रशिक्षण निकायों के कर्मचारियों के लिए .सांस्कृतिक विविधता
भविष्य के कार्य का मूल्यांकन	•	ERB समय समय प्रशिक्षण कार्यक्रम और विभिन्न जतियों के लोगों को दी जा रही सेवाओं की समीक्षा करता रहता है और उनकी प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने वाले समर्पित पाठ्यक्रमों का विकास करने का प्रयास करता रहता है। इस प्रक्रिया में ERB जातीय अल्पसंख्यकों के प्रशिक्षण के लिए फोकस समूहों, प्रशिक्षण लेने वालों, प्रशिक्षण निकायों और तकनीकी सलाहकारों समेत विभिन्न साझेदारों के विचार माँगेगा। भाषा सेवाओं की उनकी आवश्यकताओं की बेहतर समझ के
किए गए / किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय	•	जनसाधारण के लिए दूसरे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए विभिन्न जातियों के जो लोग कैंटोनीज़ बोल और समझ सकते हैं, उनकी मदद करने के लिए, ERB अधिक चयनित पाठ्यक्रमों के लिए अँग्रेजी की प्रशिक्षण सामग्री तैयार करता रहेगा। यह व्यापार और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े नए उद्योग-विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विकास के बारे में सोच विचार कर रहा है।
पूछताछ	•	छताछ के लिए, कृपया ERB के प्रशिक्षण सलाहकार से संपर्क करें(टेलीफ़ोन: 6760 3801 / 6760 3608, ईमेल: erbhk@erb.org, फैक्स: 2369 8322).

एम्प्लाइज रिट्रेनिंग बोर्ड

जून, 2021